ओडीओपी स्कीम से कृषि आधारित उद्योगों में आया उछाल : रावत

मुख्यमंत्री ने कहा, एमएसएमई सेक्टर को मदद करें

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। एमएसएमई एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईपीसी) के चेयरमैन डीएस रावत ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने विकास संबंधी एक सर्वे का प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें कहा गया कि एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) स्कीम से कृषि व ग्राम आधारित उद्योगों को जबर्दस्त उछाल आया है। युवा जॉब तलाश करने वालों के स्थान पर जॉब देने वाले बन गए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एमएसएमई ईपीसी से प्रदेश के एमएसएमई सेक्टर की मदद करने को कहा। जिससे निर्यात में उनका हिस्सा और भी ज्यादा हो सके।

रावत ने बताया कि कोरोना संकट के दौरान एमएसएमई इकाइयों ने जिन विपरीत स्थितियों का सामना किया, उसमें ओडीओपी के तहत अपना उद्यम प्रारंभ करने से युवाओं, कारीगरों और किसानों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। इस

सीएम योगी आदित्यनाथ को सर्वे रिपोर्ट सौंपते एमएसएमई ईपीसी के चेयरमैन डीएस रावत। -विज्ञप्ति

संबंध में एमएसएमई ईपीसी और एक अन्य फर्म के सहयोग से किए गए सर्वे को प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह योजना क्षेत्रीय असंतुलन समाप्त करने में काफी मददगार साबित हो रही है। रावत ने बताया कि एमएसएमई ईपीसी ने स्टार्टअप के लिए काम करने के लिए एक जिले को चुनने का फैसला किया है।